प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 14.05.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– राज्य के शासकीय विद्यालयों में ''मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान'' चलाया जाएगा–राज्य मंत्रिमंडल ने लिया निर्णय।

2– बीजापुर जिले में करीब इक्कीस दिनों तक चले माओवाद विरोधी अभियान में इकतीस नक्सली मारे गए।

3– न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने आज भारत के बावनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।

4– ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद रायपुर में निकाली जा रही है तिरंगा यात्रा–मुख्यमंत्री हो रहे हैं शामिल।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>मंत्रिपरिषद–निर्णय</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत राज्य के शासकीय विद्यालयों में ''मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान'' का संचालन करने का निर्णय लिया है।

श्री साव ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने साहित्य और कला के क्षेत्र में कलाकारों और साहित्यकारों को दी जाने वाली मासिक वित्तीय सहायता पेंशन को दो हजार रुपये से बढ़ाकर पांच हजार रुपये प्रतिमाह करने का भी निर्णय लिया है। वहीं, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि और भवन प्रबंधन नियम में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

मंत्रिपरिषद ने राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए औद्योगिक विकास नीति में कई महत्वपूर्ण संशोधनों को भी मंजूरी दी गई है। नई नीति के तहत जिन कंपनियों में छत्तीसगढ़ के लोगों को नौकरी मिलेगी, उन्हें सरकार की तरफ से अनुदान मिलेगा। वहीं, अब प्रदेश में हाइड्रोपोनिक और ऐयरोपोनिक जैसी आधुनिक खेती हो पाएगी। इससे किसानों को नई तकनीक जैसे ऑटोमेशन और इंटरनेट ऑफ थिंग्स का फायदा मिलेगा। इसके अलावा युवाओं के लिए ट्रेनिंग और खेल की सुविधाएं, गुणवत्तापूर्ण विश्वविद्यालयों की स्थापना को प्रोत्साहन, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग और सर्विस सेंटर को सभी विकासखंड समूहों में मान्यता और पर्यटन तथा होटल व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलेगा।

**<u>बीजापुर मुठभेड़</u>**

छत्तीसगढ़ में तेलंगाना सीमा पर चलाए गए माओवाद विरोधी अभियान में सोलह महिला माओवादी सहित कुल इकतीस माओवादी मारे गए हैं। आज बीजापुर में हुई एक पत्रकारवार्ता में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम और बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि यह अभियान करीब इक्कीस दिनों तक बीजापुर जिले में तेलंगाना सीमा पर स्थित कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर चलाया गया।

बीजापुर के एसपी जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि इस वर्ष इक्कीस अप्रैल से ग्यारह मई तक चले इस ऑपरेशन के दौरान कुल इक्कीस मुठभेड़ें हुईं। इस दौरान सेल्फ लोडिंग रायफल–एसएलआर, सेमी ऑटोमेटिक हथियारों सहित कुल पैंतीस हथियार और चार सौ पचास आईईडी बरामद की गईं।

छत्तीसगढ़ के डीजीपी अरूण देव गौतम ने बताया कि यह पूरा अभियान केन्द्र और राज्य के बलों ने समन्वय के साथ चलाया।

सीआरपीएफ के डीजी ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मार्च दो हजार छब्बीस तक देश को नक्सलमुक्त बनाने के सरकार के संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्रीय सुरक्षा बल, राज्यों की पुलिस के साथ मिलकर लगातार माओवाद विरोधी अभियान चला रहे हैं।

**सीजेआई गवई–शपथ**

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने आज भारत के बावनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में न्यायमूर्ति गवई को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति गवई ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लिया है। जिनका कल कार्यकाल समाप्त हो गया था। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

**जनजातीय संग्रहालय–लोकार्पण**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान में जनजातीय संग्रहालय का लोकार्पण किया। यह प्रदेश का पहला जनजातीय संग्रहालय है, जो जनजातीय संस्कृति और परंपराओं पर आधारित है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आदिम जाति विकास विभाग के नवनियुक्त तीन सौ छात्रावास अधीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। वहीं, जेईई मेंस में चयनित प्रयास आवासीय विद्यालय के एक सौ बाईस विद्यार्थियों का सम्मान भी किया।

लगभग नौ करोड़ रूपए की लागत से निर्मित इस संग्रहालय में जनजातीय संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। संग्रहालय में डिजिटल और एआई तकनीक के माध्यम से जनजातीय संस्कृति का प्रदर्शन किया जाएगा। इस संग्रहालय में कुल चौदह गैलरियां हैं, जिनमें जनजातीय जीवनशैली के सभी पहलुओं का बहुत ही खूबसूरत ढंग से जीवंत प्रदर्शन किया गया है।

**सीएमओ–निलंबित**

राज्य शासन ने कुम्हारी नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर को निलंबित कर दिया है। गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बीते नौ मई को कुम्हारी नगर पालिका का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान श्री साव ने अपूर्ण दस्तावेजों, रिकॉर्ड संधारण और कार्यों में लापरवाही बरतने पर सीएमओ को फटकार लगाई थी।

**तिरंगा यात्रा**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सर्व धर्म समाज द्वारा आज राजधानी रायपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा आज शाम रायपुर के तेलीबांधा तालाब स्थित मरीन ड्राइव से शुरू होकर नगर घड़ी चौक पहुंची। इस यात्रा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, केंदीय राज्यमंत्री तोखन साहू, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी और विधायक तथा गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

**हाईकोर्ट–बर्खास्त कर्मचारी**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच ने बिलासपुर के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सेवा से बर्खास्त किए गए एक सौ दस कर्मचारियों के बहाली के सिंगल बेंच के फैसले को रद्द कर दिया है। सिंगल बेंच के फैसले को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ और बिलासपुर कलेक्टर ने चुनौती देते हुए डिवीजन बेंच में याचिका दायर की थी।

गौरतलब है कि इस बैंक के तत्कालीन अध्यक्ष देवेंद्र पांडेय के कार्यकाल में बैंक में वर्ष दो हजार पंद्रह में भर्ती के नाम से अनियमितता के आरोप लगे थे, जिसकी शिकायत की गई थी। जांच के लिए गठित कमेटी ने कार्रवाई की अनुशंसा की थी। इसके बाद बैंक के एक सौ दस कर्मचारियों को बर्खास्त करने का आदेश जारी किया गया था।

**आकार**

संस्कृति विभाग द्वारा रायपुर के महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर में कल पंद्रह मई से पारंपरिक शिल्प और विविध कला प्रशिक्षण शिविर–आकार का आयोजन किया जाएगा। इकतीस मई तक चलने वाला यह शिविर दो पालियों में सुबह सात से दस बजे तक और शाम पांच से आठ बजे तक लगाया जाएगा। शिविर के दौरान फाईन आर्ट, नाटक, स्केचिंग, कैनवास पेंटिंग, जूट शिल्प, मेहंदी, गोदना, छत्तीसगढ़ी ज्वेलरी और ट्रॉयबल वुडन आर्ट सहित विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दिया जाएगा। आकार शिविर में शामिल होने के लिए प्रशिक्षण शुल्क दो सौ रूपये रखा गया है, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से कराया जा सकता है।

**धमतरी–लूट घटना**

धमतरी के पावर हाउस स्थित एक ज्वेलर्स दुकान में बीती रात लूट की नीयत से पहुंचे दो नकाबपोश हमलावरों ने ज्वेलर्स संचालक और उनकी बेटी पर गोली चला दी। इस हमले में दोनों घायल हो गए हैं। घटना के बाद ज्वेलर्स दुकान के बाहर लोगों की भीड़ लग गई। वहीं, हमलावर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी फुटेज के आधार पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**सीएमओ–निलंबित**

राज्य शासन ने कुम्हारी नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर को निलंबित कर दिया है। गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बीते नौ मई को कुम्हारी नगर पालिका का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान श्री साव ने अपूर्ण दस्तावेजों, रिकॉर्ड संधारण और कार्यों में लापरवाही बरतने पर सीएमओ को फटकार लगाई थी।

**आयुर्वेद दिवस**

केन्द्र सरकार ने तेईस सितंबर को आधिकारिक रूप से आयुर्वेद दिवस घोषित किया है। आयुष मंत्रालय ने बताया कि गजट अधिसूचना के जरिये यह बदलाव अधिसूचित कर दिया गया है। पहले आयुर्वेद दिवस धनतेरस के दिन मनाया जाता था। आयुष मंत्रालय ने नागरिकों, स्वास्थ्य कर्मियों, शिक्षण संस्थानों और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों से नई तिथि अपनाने और प्रत्येक वर्ष तेईस सितंबर को आयुर्वेद दिवस आयोजनों में सक्रियता से भाग लेने का आग्रह किया है।

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>